Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-08-2006

Participants : Aditya Nath Shri

an>

Title : Need to check the spread of Encephalitis in Eastern Uttar Pradesh and other parts of the country.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : मस्तिक ज्वर (इंसेफलाइटिस) से देश के विभिन्न भागों में हर साल हजारों मौतें होती हैं। मस्तिक ज्वर एक जानलेवा बीमारी है जो जुलाई से अक्तूबर तक फैलती है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश के कुछ भाग हर साल इसकी चपेट में आते हैं। पिछले 28 सालों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस बीमारी से 50000 से अधिक मौतें हुयी हैं। अकेले बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर, उ0प्र0 में पिछले साल 3000 से अधिक रोगी इस बीमारी के भर्ती हुए जिनमें से 1000 से अधिक मौतें हुयी हैं। यह बीमारी 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों को ही अक्सर अपनी चपेट में लेती है। अगर समय से उपचार नहीं हुआ तो मरीज मर जाता है। एक बार जो इस बीमारी की चपेट में आता है वह अगर इस बीमारी से छुटकारा पा भी ले तो भी वह मानसिक अथवा शारीरिक रूप से विक्लांगता की स्थिति में पहुंच जाता है। बीमारी की भयावहता को देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री पिछले साल गोरखपुर गये थे, टीकाकरण तथा छिड़काव का आश्वासन माननीय मंत्री द्वारा दिया गया था लेकिन समय से टीकाकरण न होने तथा छिडकाव की कोइ व्यवस्था न होने के कारण अब तक बी.आर.डी मेडिकल कॉलेज में 500 से अधिक मस्तिक ज्वर के मरीज भर्ती हुए हैं जिनमें से 100 के लगभग मौतें हुयी हैं।

मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से अनुरोध करता हूं कि इस बीमारी के रोकथाम के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ साथ देश के चिन्हित क्षेत्रों में टीकाकरण तथा छिडकाव की पर्याप्त व्यवस्था तथा इसकी रोकथाम का एक केन्द्र गोरखपुर में खोलने की व्यवस्था करने का कट करें।